# 'अगले सेब सीजन में अब सेब यूनिवर्सल कार्टन में ही पैक होकर आएगा मंडियों तक'

**टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/ चमन शर्मा**

**हिमाचल प्रदेश** में अगले सेब सीजन में अब सेब यूनिवर्सल कार्टन में ही पैक होकर मंडियों तक आएगा। अगले सीजन से हिमाचल में टेलीस्कोपिक कार्टन पूरी तरह से बैन हो जाएगा। बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी ने विधानसभा के मॉनसून सत्र के दौरान यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बागवानों के पास बीते साल का टेलीस्कोपिक कार्टन पड़ा होने की वजह से सरकार ने इस साल इसे बंद नहीं किया। इस साल टेलीस्कोपिक कार्टन को बंद करने की स्थिति में बागवानों को नुकसान से बचाने के मकसद से इस साल इसके उपयोग की अनुमति दी गई। मगर अब अगले



साल से यह कार्टन पूरी तरह से बंद हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि अगर अन्य राज्य इस व्यवस्था को लागू नहीं करते हैं तो सरकार बागवानों के हित्तों की लडाई कोर्ट में जाकर भी लड़ेगी।

उन्होंने कहा कि ठियोग के विधायक कुलदीप राठौर जो कह रहे हैं कि किलो के हिसाब से सेब बेचने का निर्णय सत्ती के साथ लिया गया है और यह सही तरीके से क्रियान्वयन नहीं किया गया है तो यह सरासर गलत है। उन्होंने कहा कि सरकार ने यह ऐतिहासिक निर्णय लिया था। पहली बार हुआ कि जब हिमाचल में किलो के हिसाब से सेब खरीदने का निर्णय लिया गया। इस निर्णय के बाद बागवानों को लाभ हुआ है। 4 हजार रुपए तक की सेब पेटी बिकी है।

उन्होंने कहा कि वजन के हिसाब से सेब बिकने से आढतियों को नुकसान हो रहा था, जिस वजह से वह इसका विरोध कर रहे थे। ऐसे में सरकार ने 22 लाख रुपए तक का जुमार्ना भी आढतियों पर लगाया है।

**चीजें स्पष्ट न होने की वजह से बागवान बाहर बेच रहे सेबः राठौर**

वहीं ठियोग के विधायक कुलदीप राठौर ने नियम-61 के तहत लाई चर्चा में कहा कि सरकार ने जो किलो के हिसाब से सेब बेचने का निर्णय लिया है इसमें कुछ चीजें स्पष्ट नहीं हो पा रही है। ऐसे में बागवान प्रदेश के बाहर सेब बेच रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसके क्रियान्वयन होने में समस्या आ रही है। यह संभवन नहीं हो पाएगा, क्योंकि अभी भी बाजार में टेलीस्कोपिक कार्टन मौजूद है। प्रदेश के बाहर इसमें कोई भी व्यवस्था नहीं है। हिमाचल का सेब पंजाब, हरियाणा, मुंबई, चेन्नई के साथ-साथ देश के अन्य राज्यों की मंडियों में भी बिकता है। मगर यहां पर किलो के हिसाब से सेब बिकने की व्यवस्था नहीं है। उन्होंने कहा कि कई आढतियों ने हिमाचल को छोड दिया है। यह गंभीर समस्या है। हमें ऐसी व्यवस्था करनी होगी कि हमेशा के लिए इस समस्या से निजात मिल जाए।



हिमाचल प्रदेश विधान सभा में चल रहे मानसून सत्र के छठे दिन का संचालन करने के लिए सदन की ओर जाते विधान सभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानियां।



आज दयानन्द पब्लिक स्कूल शिमला के छात्र-छात्राओ ने देखी विधानसभा की कार्यवाही, सदन की कार्यवाही आरम्भ होने से पूर्व विधान सभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानियां से मुलाकात कर लोकतान्त्रिक व्यवस्था के बारे में विस्तृत जानकारी हासिल की।

# सावन में लगी आग पर थिरके ख्योड़ दर्शक

**टीम एक्शन इंडिया/ गोहर/ सुभाग सचदेवा**

**जिला स्तरीय** नलवाड़ मेला ख्योड़ की पहली सांस्कृतिक संध्या में सारेगामापा फेम व हिमाचल की उभरती गायिका ममता भारद्वाज के नाम रही। ममता भारद्वाज ने जहां लोगों का खूब नचाया वहीं पर मंडी के मशहूर हास्य कलाकार हरबंस सिंह अरोड़ा ने अपने मांड्याली कॉमेडी से दर्शक दीर्घा में बैठे हजारों दर्शकों को हंसा हंसा के लोटपोट कर दिया वह अपनी शैली के पहले ऐसे कॉमेडियन है जो अपने ऊपर तंज कस के लोगों को हंसाते हैं।प्रथम सांस्कृतिक संध्या में नाचन इंटक के अध्यक्ष मुरारी लाल आचार्य



बतौर मुख्यातिथि रहे। मेला कमेटी की ओर से उन्हें शाल व टोपी देकर सम्मानित किया गया। आयोजक मेला संध्या के आधार पर किए जा रहे कार्यक्रमों में इस बार पूर्व संध्या की तरह सूरजमणी की शहनाई की मधूर धुनों से शुरू नहीं हो पाया। प्रधान उप प्रधान की गैर मौजूदगी में सभी संस्कृत कार्यक्रम निशुल्क करवाए जा। मेला की प्रथम संध्या से पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आगाज दोपहर से राजकीय प्राथमिक विद्यालय दुगराईं और सरस्वती विद्यामंदिर गणई के साथ साथ उमंग महिला मंडल खारसी, सरस्वती महिला मंडल बाहवा ने मेले में आए लोगों व्यापारियों का खूब मनोरंजन किया। नाचन कांग्रेस पार्टी के बासा जोन अध्यक्ष विनोद कुमार तथा स्यांज जोन के अध्यक्ष धनी राम चौहान ने 1100-1100 रूपए का अंशदान दिया। इसके बाद लोक संपर्क विभाग के कलाकारों ने कुल्लवी, कांगड़ी, मंडयाली, हिमाचल व पंजाबी गानों से दर्शकों का मनोरंजन किया। संध्या में कार्यक्रम पेश करने के लिए संध्या में जिला भर के संगीत समूह को फि र मौका दिया गया। सांस्कृतिक संध्या फ ोक सिंगर परवीन सरस्वती जिला कुल्लू आनी तथा सेमी स्टार लीला धर चौहान सराज ने जेठ शाहडा रा धूपा लागा रिनू, जीऊ लगा जोलदा शोबलिये लाल सूट नहीं लाना, बावली, याद लगी एजदी तेरी कखे तू होली झूरिए, महारा तेजू बोला नाटी रा शउकी नाही बोला मरूआ लोड़ी, शुकरू मेटा, छोटा कुर्ता लंबा गरारा रामदासि, रामदासि, म्हारे देशा रा दिल हो दिलिये, तू मेरी मैं तेरा सोनिया साथ निभाना सारी जिंदगी रा, लव यू लव यू कहना कहना तू साडे दिल विच बस यूं रहना गीतों से धमाल मचाया।

## न्यूज फ्लैश

### जिला शिमला में मतदान केंद्रों के भवनों के नामकरण में संशोधन की सूची जारी

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा। जिला निर्वाचन** अधिकारी एवं उपायुक्त शिमला आदित्य नेगी ने गत दिवस को बताया कि भारत निर्वाचन आयोग की पूर्व अनुमति से जिला शिमला के समस्त 8 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के मतदान केन्द्रों की सूची प्रकाशित की गई है। उन्होंने बताया कि मतदान केन्द्रों की सूची में पाई गई लिपिकीय त्रुटियां तथा पाठशालाओं का दर्जा बढने से नामकरण में संशोधन की सूचना जनसाधारण की जानकारी एवं सूचना हेतु प्रकाशित की गई है। उन्होंने बताया कि 61-ठियोग विधानसभा क्षेत्र में मतदान केन्द्र 61/95 लाफू में पूर्व में मतदान केंद्र राजकीय उच्च पाठशाला कथोग के स्तर उन्नत होने से नामकरण में संशोधन कर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कथोग किया गया है। इसी प्रकार, मतदान केन्द्र 61/120 क्यार में पूर्व में मतदान केंद्र राजकीय माध्यमिक पाठशाला क्यार के स्तर उन्नत होने से नाम में संशोधन कर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला क्यार किया गया है।उपायुक्त ने बताया कि 63-शिमला शहरी विधानसभा क्षेत्र में मतदान केन्द्र 63/17 सिसिल में पूर्व में श्रम ब्यूरो कार्यालय शिमला का वर्तमान में नामकरण क्लैयर माउंट बिल्डिंग सहायक अभियंता केंद्रीय उपमंडल-3 केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग आरट्रैक शिमला-3 किया गया है। इसी प्रकार, मतदान केन्द्र 63/21 लोअर अन्नाडेल-1 पूर्व में मतदान केन्द्र राजकीय उच्च पाठशाला अन्नाडेल निचली मंजिल पूर्वी भाग का वर्तमान में नामकरण राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला अन्नाडेल निचली मंजिल पूर्वी भाग किया गया है। उन्होंने बताया कि मतदान केन्द्र 63/22 लोअर अन्नाडेल-2 का पूर्व में मतदान केंद्र राजकीय उच्च पाठशाला अन्नाडेल निचली मंजिल पश्चिमी भाग का वर्तमान में नामकरण राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला अन्नाडेल निचली मंजिल पश्चिमी भाग किया गया है।

### बनीखेत कॉलेज में 24 सितंबर को अभिभावक

**टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद। प्रधानाचार्य राजकीय** महाविद्यालय बनीखेत विजय नाग ने जानकारी देते हुए बताया कि महाविद्यालय के तहत 24 सितंबर को सुबह 11 बजे अभिभावक-अध्यापक बैठक का आयोजन किया जाएगा।उन्होंने यह भी बताया कि इस दौरान महाविद्यालय प्रबंधन कमेटी के अध्यक्ष चुने जाने के साथ महाविद्यालय से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तृत चर्चा भी होगी।

# ग्रैंड पेरेंट्स डे समारोह का किया गया आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/ चमन शर्मा**

**सरस्वती पैराडाइज** इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में केजी सेक्शन और कक्षा के छात्रों के लिए दादा-दादी दिवस यानि ग्रैंड पेरेंट्स डे समारोह का आयोजन किया गया। उत्सव का उद्देश्य दादा-दादी, नाना-नानी द्वारा अपने पोते-नातियों के जीवन में निभाई जाने वाली अमूल्य भूमिका का सम्मान करना और उसकी सराहना करना था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रमेश माल्टा सेवानिवृत्त अतिरिक्त रजिस्ट्रार सहकारी समितियां थे। विशिष्ट अतिथि कुलदीप डोगरा, प्रबंध निदेशक पब्लिक चॉइस ग्रुप, मैडम पुष्पलता राणा थी। कार्यक्रम की



शुरूआत सभी दादा-दादी के गर्मजोशी से स्वागत के साथ हुई। इसके बाद दीप प्रज्ज्वलन समारोह हुआ और स्कूल के संस्थापक सदस्यों द्वारा स्व. डीपी मित्तल और स्व. नूतन रानी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। छात्रों ने कविताओं, भाषणों और नृत्य प्रस्तुतियों सहित दिल छू लेने वाली रंगारंग प्रस्तुतियों की एक श्रृंखला तैयार की थी, जो उनके दादा-दादी के प्रति उनके प्यार और प्रशंसा को दशार्ती थी। जब दादा-दादी और माता-पिता मासूमियत से भरे अपने बाल समूह का प्रदर्शन देख रहे थे तो माहौल खुशी और हंसी से भर गया। प्रदर्शन के बाद अंत में भाग्यशाली दादा-दादी को चुनने के लिए एक लकी ड्रा निकाला गया, जिन्हें मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया। दादा-दादी दिवस समारोह एक बहुत ही खास कार्यक्रम था जिसने बच्चे के जीवन में दादा-दादी के महत्व पर प्रभावी ढंग से जोर दिया।

मुख्य अतिथि रमेश माल्टा ने विद्यालय की इस अनोखी पहल की सराहना की और अपने भाषण में भावी पीढियों के जीवन को आकार देने में दादा-दादी के अमूल्य योगदान को पहचानने और उसकी सराहना करने की अनिवार्य आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि वत्र्तमान समय में संयुक्त परिवारों कि घटती संख्या का सबसे अधिक खामियाजा छोटे बच्चों को भुगतना पड़ रहा है क्योंकि अधिकतर माता-पिता अपने कार्यस्थल में व्यस्त होने के कारण अपने बच्चों को समय नहीं दे पाते हैं और बच्चे अकेलेपन का शिकार हो जाते हैं। ऐसे में यदि बच्चे अपने दादा-दादी के साथ समय बिताएंगे तो वे अपने अनुभव और समय-समय पर बच्चों से बात करके, उनकी जिज्ञासाओं को शांत कर सकते हैं।

## चंबा चौगान में श्रद्धालुओं को उपलब्ध करवाई जा रही हैं सुविधाएं

**टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद**

**एसडीएम अरुण** शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि श्री मणिमहेश यात्रा के श्रद्धालुओं विशेष कर जम्मू कश्मीर से आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा की दृष्टिगत प्रशासन द्वारा चंबा के ऐतिहासिक चौगान नंबर 1 में करने के लिए टेंट इत्यादि की व्यवस्था की गई है। उन्होंने यह भी बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए चौगान में कला केंद्र के बरामदे तथा हाल को भी खोला गया है। साथ में स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा लंगर भी लगाया गया है।

# भाजपा मंडल शिलाई ने भ्रष्टाचार के खिलाफ किया प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया/ नाहन/ एसपी जैरथ**

**विधानसभा शिलाई** विकासात्मक कार्यो में भ्रष्टाचार को लेकर प्रदेश भर में हमेशा सुर्खियों में रही है। विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस के तत्कालीन विधायक हर्षवर्धन चौहान द्वारा विकासात्मक कार्यों की जांच की शिकायत पर खुद एडीसी सिरमौर को शिलाई पहुंचना पड़ा था। कार्यालय की अलमारियों से फ इलें निकाल कर एडीसी के टेबल तक पहुंचाते हुए हर्षवर्धन चौहान की तस्वीरें सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुई। एक बार फि र शिलाई के विकासात्मक कार्यों में भ्रष्टाचार का मुद्दा फि र गरमा गया है। भाजपा मण्डल शिलाई ने विधानसभा से सरकार में मंत्री पद पर आसीन विधायक हर्षवर्धन चौहान के खिलाफ विकासखंड कार्यों, आईपीएच व पीडब्ल्यूडी टेंडर में भ्रष्टाचार को लेकर शिलाई बाजार में



विरोध प्रदर्शन रैली निकाली। शिलाई बाजार से विकासखंड कार्यालय, आईपीएच व पीडब्ल्यूडी कार्यालय तक निकली विरोध प्रदर्शन रैली में सुक्खू सरकार, हर्षवर्धन चौहान व विभागीय कर्मचारियों के मुदार्बाद के नारे लगाए। शिलाई भाजपा मण्डल के नए मंडलाध्यक्ष इन्दर ठाकुर ने बताया कि भाजपा कार्यालय शिलाई में मंडल में गठित नई कार्यकारिणी सदस्य, जिला पदाधिकारी व मंडल के कार्यकताओं के साथ हुई। पहली बैठक में पार्टी को सशक्त बनाने के लिए अग्रिम कार्यक्रम को लेकर चर्चा हुई, क्षेत्र के अंदर उजागर भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज बुलंद करने का निर्णय लिया गया, जिसकी पहल शुरू हो गई है। उन्होंने बताया कि भाजपा मण्डल शिलाई की तरफ से विकासखण्ड सहायक अभियंता प्रताप सिंह द्वारा जनता के साथ राजनीति भेदभाव, भाजपा समर्थित पंचायतों राजनैतिक परिप्रेक्ष्य में विकास की गति को शून्य करना, कांग्रेस के प्रधानों के लिए नियमो को दरकिनार कर 90 प्रतिशत मैटेरियल व 10 प्रतिशत लेबर की दरों पर नियमों से बाहर बनाई गई। मनरेगा की कई स्कीमों पर पुष्टि, कांग्रेस प्रत्याशी वार्ड नं-3 से चयनित जिलापरिषद सदस्य विद्या देवी के पति जेई प्रताप सिंह को विकासखण्ड अधिकारी द्वारा जिला परिषद सदस्य के अधिकार क्षेत्र की पंचायतों पर नियुक्ति नियमों को लेकर शिकायत पत्र सौंपा।

## एनएचपीसी-2 द्वारा बेसिक लाइफ सपोर्ट पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया/ कुल्लू/ श्याम कुल्वी**

**एनएचपीसी पार्वती** जल विद्युत परियोजना चरण-2 पावर हाउस सैंज में बेसिक लाइफ सपोर्ट विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस जागरूकता कार्यक्रम में परियोजना के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. ज्योतिर्मय जैन ने बेसिक लाइफ सपोर्ट के बारे में बताते हुए लोगों को इमरजेंसी में कार्डियक अरेस्ट के समय सीपीआर देने की ट्रेनिंग दी।

# अवैध माइनिंग के चलते धंसने लगा गांव, डर में जीने को मजबूर ग्रामीण

**टीम एक्शन इंडिया/ नाहन/ एसपी जैरथ**

**जिला सिरमौर** के गांव खतवाड़ की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही है। लगातार ग्रामीणों को गांव के विलुप्त होने का डर सता रहा है। हिमाचल में आई आपदा के बाद भी यहां हो रहे आवैज्ञानिक तरीके से कार्य को रोकने के लिए संबंधित विभाग भी कोई दिलचस्पी नहीं दिख रहे हैं। स्थानीय ग्रामीणों में जहां संबंधित विभागों के खिलाफ रोश पनपा है तो वहीं ग्रामीण डर के साय में जीने को मजबूर हैं। समस्या को लेकर ग्रामीण आज डीसी सिरमौर सुमित खिमटा के द्वारा पहुंचे हैं। जिसमें जल्द से जल्द यहां हो रहे अवैध माइनिंग को रोकने व गांव को



किसी अन्य सुरक्षित स्थान पर बसाने की गुहार लगाई है। नाहन में मीडिया से रूबरू हुए गांव खतवाड़ के ग्रामीण अतर सिंह ने बताया कि गांव पिछले 3 दशकों से तिल तिल कर खाई की तरफ खिसकता जा रहा है। गांव की सैकड़ो बीघा जमीन और मकान खाई में समा चुके हैं। जबकि लगभग दो दर्जन मकानों में दरारें आ गई है। इनमें से अधिकतर मकान रहने लायक नहीं बचे हैं। ग्रामीणों ने गांव के पास चल रही चूना पत्थर खदानों पर हो रहे अवैज्ञानिक खनन को त्रासदी के लिए जिम्मेदार बताया है। उन्होंने इस दौरान वन विभाग समेत खनन विभाग को भी आड़े हाथों लिया है और यहां विभागों पर आवैज्ञानिक तरीके से किए जा रहे खनन माफि या की पैरवी करने के आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि शिकायत करने पर भी विभाग कार्रवाई नहीं करते हैं। उन्होंने कहा कि यहां संबंधित खदान लगातार नियमों को ताक पर रख कर कार्य कर रही है। हरे भरे पेड़ों पर कुल्हाड़ी चलाई जा रही है। वन विभाग की भूमि से हजारों बेश कीमती पेड़ काट दिए गए हैं लेकिन वन विभाग के अधिकारी एक बार भी मौके पर नहीं पहुंचे हैं। इसी प्रकार खनन माफिया के जिलाधिकारियों का हाल हैं। ग्रामीणों ने माइनिंग ऑफि सर पर तो झूठ बोलने तक के आरोप लगाए हैं। उन्होंने आरोप लगाया अगर यहां चलाई जा रही खदान मालिकों से समस्या को लेकर बात करने जाएं या फिर प्रशासन को शिकायत करें तो यह लोग गुंडागर्दी पर उतर आते हैं। स्थानीय ग्रामीणों को जहां डराते धमकाते हैं तो वहीं जान से मरने तक की धमकियां दी जाती है। उन्होंने कहा कि यह खदान मालिक जहां सरकारी भूमि पर अभी कब्जे कर और आवैज्ञानिक तरीके से कार्य कर रहे हैं तो वहीं गांव के लोगों की भी भूमि पर अवैध कब्जे कर लगातार नियमों का ताक पर रखकर कार्य किया जा रहा है जिसका खामियाजा स्थानीय ग्रामीणों भुगतना पड़ रहा है।

# '25 सितंबर को हिमाचल में भाजपा करेगी विधानसभा कें बाहर प्रदर्शन'

**टीम एक्शन इंडिया/ सोलन/ मनीष**

**आपदा प्रबंधन** की दृष्टि से प्रदेश की सुखविंदर सिंह सुक्खू सरकार पूरी तरह फेल रही है। भारतीय जनता पार्टी और विधायक दल 25 सितंबर को विधानसभा के बाहर बड़ा प्रदर्शन करेगा। यह प्रदर्शन सरकार को जगाने के लिए होगा कि उनकी दस गारंटियां कहां गईं। शनिवार को सोलन में भाजयुमो के प्रदेश प्रवक्ता रोहित भारद्वाज ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस सरकार को 10 महीने हो चुके हैं। जब से सरकार आई है,



तबसे 1000 से अधिक सरकारी संस्थान बंद कर चुकी है, जिसका वह आज तक जवाब नहीं दे पाई है।भाजपा ने डीजल पर सात रुपये की कटौती की थी, पर आते ही कांग्रेस सरकार ने इसको बढ़ा दिया। बिजली, राशन, तेल महंगा कर, महंगाई की मार आदि से प्रदेश की जनता की कमर को तोड़ दिया। आम जनमानस जो सरकार से अपेक्षाएं रख रहा था, यह सरकार उन अपेक्षाओं पर खड़ी नहीं हो पाईं। कानून-व्यवस्था, महंगाई, गारंटी, विरोधाभास, बदला-बदली की भावना, संस्थान बंद करने, आपदा में मेरा-तेरा करने जैसे मुद्दों पर भाजपा विधानसभा का घेराव करेगी।

# 'कांग्रेस छलावे की सरकार, भाजपा तोड़ेगी भ्रम'

## हिमाचल में अहंकारी सरकार, जल्द टूटेगा अहंकार: जयराम ठाकुर

**टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/ चमन शर्मा**

**भाजपा प्रदेश** अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने विधानसभा में एक संयुक्त प्रेस वार्ता को संबोधित किया। डॉ राजीव बिंदल ने कहा कि वर्तमान कांग्रेस सरकार को 10 महीने पूरे हो चुके हैं और अभी तक यह सरकार पूरी तरह से फेल है। यह सरकार जन आकांक्षाओं और अपेक्षाओं की विपरीत चल रही है, जब से यह सरकार सत्ता में आई है तब से हिमाचल प्रदेश में विकास की गति घट गई है। जयराम ठाकुर ने जिस प्रकार से हिमाचल प्रदेश में विकास को पंख लगाए थे, इस सरकार ने उन पंखों को काट दिया है। कांग्रेस की दुख की



सरकार ने हिमाचल प्रदेश में 1000 से ज्यादा संस्थान बंद किए है, कानून व्यवस्था चरमराई हुई है, पूर्ण रूप से कानून व्यवस्था नियंत्रण से बाहर है। चंबा हत्याकांड, हिमाचल प्रदेश में बलात्कार, गोलीकांड, महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार जैसी शर्मनाक घटनाएं हो रही है और यह सरकार मौन है। यह सरकार केवल छलावे की सरकार है। चुनाव से पहले तो कांग्रेस के नेता अपने आप को खुदा समझ रहे थे, कि हम खुदा

**साधा निशाना**

**8 सरकार ने हिमाचल प्रदेश में 1000 से ज्यादा संस्थान बंद किए है, कानून व्यवस्था चरमराई हुई है**

का पटारा खोलेंगे और सभी वादे पूरे कर देंगे पर ऐसा कुछ नहीं हुआ, यह सरकार केवल मात्र झूठी साबित हुई है और इसको लेकर भाजपा 25 सितंबर को विशाल धरना प्रदर्शन शिमला के अंबेडकर चौक विधानसभा पर करने जा रही है।जयराम ठाकुर ने कहा कि 10 महीने का कांग्रेस सरकार का कार्यकाल अव्यवस्था भरा रहा है, हिमाचल प्रदेश में महंगाई बड़ी है, सीमेंट के दाम दो बार बड़े हैं और अभी विधानसभा में स्टांप ड्यूटी को 10 गुना बढ़ाने का प्रस्ताव लाया गया है। यह सरकार हिमाचल प्रदेश के गरीब लोगों के बारे में सोच नहीं रही है और लोगों के लिए यह सरकार केवल मात्र बोझ डालने का कार्य कर रही है। हम साफ कहते हैं अगर केंद्र सरकार से हिमाचल प्रदेश को मदद ना मिलती तो हिमाचल प्रदेश की परिस्थितियों और कठिन होती। ऐसा प्रतीत होता है की हिमाचल प्रदेश में अहंकारी राज चल रहा है और इस अहंकार को तोडने के लिए विधायक दल एवं भाजपा एक विशाल धरना प्रदर्शन करने जा रहे हैं।

# दीपांकर और जाहन्वी ने एक-दूसरे को हवा में पहनाई रिंग

**टीम एक्शन इंडिया/मनाली/राज अग्रवाल**

**कहते हैं कि जोडियां** आसमान में बनती हैं और जमीन पर आकर उनका मिलन होता है। लेकिन अब आमसान से बनकर आई जोडि?ों को मिलन भी जमीन से उपर हवा में ही होने लग गया है। ऐसे अनोखे मिलन का नजारा देखने को मिला मनाली में। जहां दीपांकर कपूर और जाहन्वी शर्मा ने अपनी रिंग सेरेमनी में एक-दूसरे को जमीन से 200 फुट उपर हवा में रिंग पहनाई। यह रिंग सेरेमनी 22 सितंबर को मनाली के फ्लाई डायनिंग में संपन्न हुई। बता दें कि नगर परिषद मनाली के अध्यक्ष एवं हिमाचल प्रदेश नगर निकाय अध्यक्ष/उपाध्यक्ष फेडरेशन के अध्यक्ष चमन कपूर के बेटे दीपांकर और बागवान मनु शर्मा की बेटी



जाहन्वी शर्मा एक-दूसरे के साथ परिणय सूत्र में बंधने जा रहे हैं। इन दोनों की शादी 5 नवंबर से 10 नवंबर तक मनाली में संपन्न होगी। इससे पहले दोनों ने अनूठे तरीके से सगाई करने की सोची और उसके लिए फ्लाई डायनिंग का चयन किया। दोनों के परिजन इस शादी में शरीक हुए। इसके साथ ही पूर्व सांसद महेश्वर सिंह, पूर्व मंत्री गोबिंद सिंह ठाकुर और भाजपा व कांग्रेस के कई अन्य नेता भी इस अनूठी सगाई के साक्षी बने। हालांकि इसमें मनाली के विधायक ने भी आना था लेकिन विधानसभा सत्र के चलते वे नहीं आ पाए। बताया जा रहा है कि हिमाचल प्रदेश में इससे पहले इस तरह की अनूठी सगाई कहीं नहीं हुई और इसकी चारों तरफ खूब चर्चा हो रही है।

# दुखियों को खुशी देना ही वर्तमान में सबसे बड़ा परोपकार: पूनम

## राजनीकि शास्त्र प्रवक्ता पूनम ने वृद्धाश्रम के सदस्यों के साथ मनाया अपना जन्मदिन

**टीम एक्शन इंडिया/ बिलासपुर/ कश्मीर ठाकुर**

**मौजूद परिस्थितियां** दिन प्रतिदिन विपरीत होती जा रही हैं, पल का भरोसा तक नहीं है, फि र भी इस जीवन को जीने के लिए संघर्ष करना ही पड़ता है, ऐसे में जो लोग उम्र के इस पड़ाव में दुखी हैं, यदि उनको कुछ क्षणों की खुशी मिल जाए तो सबसे बड़ा पुण्य यही है। यह बात राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला में राजनीति शास्त्र में प्रवक्ता पद पर सेवाएं दे रही पूनम ने अपना जन्मदिन वृद्धाश्रम के सदस्यों से मनाते हुए कही। पूनम ने बताया कि हमारे समाज में यह



चिंतन करने का विषय है कि आज वृद्धाश्रमों की क्या जरूरत आन पड़ी है। पाषाण हो चुकी मानवता ऐसे दृश्य दिखाकर समाज को आईना तो दिखाती है लेकिन ऐसे मामले निरंतर उजागर हो रहे हैं। पूनम ने बताया कि अपने परिवार के साथ अक्सर जन्मदिन या अन्य खुशियों को सांझा किया जाता है लेकिन वृद्धाश्रम के सदस्यों के साथ इस खुशी को सांझा कर आत्मा का संतुष्टि प्रदान करने जैसा अनुभव रहा। उन्होंने कहा कि यह वृद्ध आसमान से नहीं टपके हैं, यह हमारे समाज का अहम हिस्सा है, लेकिन वक्त और हालातों के मारे हुए इन बुजुर्गों को यदि इनके अपनों ने सहारा नहीं दिया है और उम्र के इस पड़ाव में दर-दर की ठोकरें खाने पर मजबूर कर दिया है तो शिक्षित और विवेकशील समाज का कर्तव्य बनता है कि इन लोगों को खुशी देने के लिए आगे आएं।

# देवभूमि में लव जिहाद की घटना नहीं होगी सहन: मुहम्मद राजवली

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**

भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष मुहम्मद राजवली ने कह हिमाचल प्रदेश के मंडी से एक हिंदू लडकी को लव जिहाद के तहत कश्मीर ले जाया गया जो अति घृणित कार्य है। ऑडियो के माध्यम से पीड़ित बेटी की आप बीती सुनी जो रोंगटे खड़े करने वाली है। वो अपने निकाह की बात सुनाती है और कैसे वहां से उसने अपनी माँ को फोन किया। वह अपनी जान पर खेली और वहां से पुलिस ने उसे निकाला। हिमाचल प्रदेश में ऐसे बाहरी राज्य से आए हजारों फेरी व रेहडी-फ हड़ी वाले घूम रहे हैं। कई लोग महिला टेलर बन कर यहां पांव पसारे हुए हैं। हिमाचल की भोली भाली बेटियों को बहला फु सलाकर और अपना नाम बदलकर तथा बाजू में कलावा पहनकर अपने प्रेम जाल में फं साते हैं और बाद में लव जिहाद करके इनका धर्म परिवर्तन करवा रहे हैं। हिमाचल प्रदेश में बड़े पैमाने पर धर्मांतरण का सिलसिला चल रहा है जो देवभूमि तथा भाईचारे को बिगड? की एक कोशिश है। उन्होंने कहा कि हिमाचल का मुस्लिम समुदाय हमेशा ही हिंदुओं के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करता आया है तथा हिंदुओं के तीज त्योहार पर भी अपनी सहभागिता निभाता है।

## संक्षिप्त खबरें

### अभिनेता आमिर खान ने आपदा राहत कोष में 25 लाख रुपये का अंशदान दिया

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला। हिन्दी सिनेमा** के प्रसिद्ध अभिनेता आमिर खान ने करुणा का परिचय देते हुए आपदा राहत कोष-2023 के लिए 25 लाख रुपये की राशि का अंशदान दिया है।मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आमिर खान के इस सहयोग के लिए उनका हार्दिक आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि यह सहायता निःस्संदेह राहत व पुनर्वास कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी, जिनका उद्देश्य प्रभावित परिवारों को आपदा से उबरने में मदद करना है।मुख्यमंत्री ने कहा कि इस राशि का उपयोग जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आमिर खान के इस पुनीत कार्य से आपदा प्रभावित लोगों को सहायता मिलेगी।

### चंबा की अदालत में रेप मामले में सुनाई सजा

टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद। एक रेप केस के मामले में चंबा की अदालत ने दोषी को 10 साल की कैद तथा एक लख रुपए की सजा सुनाई है। जुमार्ना न देने की स्थिति में दोषी को एक वर्ष का अतिरिक्त कारावास पहुंचाना पड़ेगा। यह सजा विशेष एवं जिला सत्र न्यायाधीश पी आर पहाडि?ा की अदालत ने पोक्सो एक्ट के एक मामले में सुनाई। अदालत ने दोषी को धारा 342 आईपीसी की धारा 362 तथा 366, आईपीसी के तहत सजाएं तथा जुमार्ना किया है। यह सजा साथ-साथ चलेगी। जिला न्यायवादी नवीन धीमान ने बताया कि दोषी ने एक नाबालिक का अपहरण किया था और अपने घर में बांधकर उससे दुष्कर्म किया था। आरोपी के विरुद्ध न्यायालय में यह मामला पहुंचा इस मामले में ट्रायल के दौरान 16 गवाहों के बयान दर्ज किए गए। अदालत ने मामले से जुड़े सभी गवाहों और सबूत के साथ पक्ष विपक्ष की दलीलें सुनने के बाद अपना फैसला सुनाया। अदालत का फैसला सुनकर पीड़िता तथा उसका परिवार खुश है उनका कहना है कि अदालत ने आरोपी को दोषी करार देकर उनके साथ इंसाफ किया है।

### आपदा में डियूटी से कन्नी काटने वालों पर कड़ी कार्रवाई की तैयारी

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री। मंडी जिले** में बीते दिनों प्राकृतिक आपदा के दौरान जहां अनेक अधिकारी-कर्मचारी दिन रात एक कर आपदा प्रबंधन में डटे रहे, वहीं कुछ इने-गिने अधिकारी-कर्मचारी ऐसे भी थे जो इन विकट परिस्थितियों में बिना वाजिब वजह बताए डियूटी से नदारद रहे। अब मंडी जिला प्रशासन आपदा में डियूटी से कन्नी काटने वालों पर कड़ी कार्रवाई की तैयारी में है। जिला प्रशासन ने आपदा के समय डियूटी से नदारद रहे बालीचौकी उपमंडल के विभिन्न विभागों के 12 अधिकारियों-कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किए हैं। अतिरिक्त जिलादंडाधिकारी मंडी डा. मदन कुमार ने कहा कि आपदा के समय में जिले के अधिकारियों-कर्मचारियों ने लोगों की सुरक्षा और उन्हें राहत देने के लिए बहुत हिम्मत और जज्बे से काम किया है। लेकिन कुछ ऐसे मामले भी संज्ञान में आए हैं जिनमें विकट समय में कुछ अधिकारी-कर्मचारी बिना किसी सूचना के अपनी डियूटी से नदारद रहे। प्रशासन ने ऐसे मामलों को बहुत गंभीरता से लिया है।

### दिव्यांगों से अभद्र व्यवहार करने वालों पर हो सख्त कार्रवाई : हेमलता पठानिया

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री। हिमालयन दिव्यांग** कल्याण संस्था की मासिक बैठक बाबा भूतनाथ मंदिर के सरांय में अध्यक्ष हेमलता पठानिया की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में दिव्यांगों से जुड़े कई मुददों पर मंथन किया गया। इस दौरान हेमलता पठानिया ने कहा कि हाल ही में जिला प्रशासन के साथ संस्था की एक बैठक आयोजित हुई थी जिसमें लंबे समय से चली आ रही समस्याओं पर चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि दिव्यांगों के लिए उपायुक्त परिसर में पार्किंग होनी चाहिए जिसको लेकर उपायुक्त ने जिला कल्याण अधिकारी को आदेश दे दिए हैं कि वह इस सदर्भ में एसडीएम को एक पत्र लिखें। इसके साथ ही संस्था ने एक स्कूल चिन्हित किया हैं जहां पर दिव्यांग अपनी बैठक आयोजित करें उसको लेकर भी उपायुक्त ने संबधित विभाग से स्कूल की मैंटिनस करके उसे संस्था को देने के निर्देश दिए हैं। पठानिया ने कहा कि देखा जाता हैं कि कई बार दिव्यांगों के साथ अभद्र व्यवहार किया जाता हैं उसको लेकर उपायुक्त से की मांग की गई हैं जो दिव्यांगों के लिए एक्ट बना हैं उसकी उन्हें पुलिस प्रशासन के माध्यम से एक दो वर्कशॉप लगाकर जानकारी उपलब्ध करवाई जाए। जिसको लेकर उपायुक्त ने उन्हें आश्वासन दिया हैं।

# विद्युत विभाग के ठेकेदारों ने प्रेसवार्ता कर बताया दर्द, कहा विभाग नहीं दे रहा किए हुए काम के पैसे



**टीम एक्शन इंडिया/ फतेहपुर/विजय समयाल**

विद्युत विभाग मण्डल फ तेहपुर के तहत पंजीकृत ठेकेदारों ने आज रैस्ट हाऊस फतेहपुर में प्रेसवार्ता कर बताया विभाग उनके द्वारा किये गए कार्य की मजदूरी का भुगतान नही कर रहा है। जिसके चलते वो काफी परेशान है। रैहन निबासी ठेकेदार रमेश चन्द सोनी, राजा का तालाब निबासी ठेकेदार सुरजीत पठानिया व समकड़ निबासी ठेकेदार कुलदीप चन्द भारद्वाज ने बताया जब भी कही मौसम खराब होने पर या अन्य कारणों से बिधुत आपूर्ति बाधित होती है तो तुरन्त बिभाग उन्हें फोन कर उसे बहाल करने को कहता है। लेकिन ऐसे में किये जा रहे कार्यों में बनने बाली मजदूरी का विभाग द्वारा लम्बे समय से भुगतान नही किया गया है। बताया कई अधिकारी आये व

**सम्मान**

**8 विद्युत आपूर्ति बाधित होती है तो तुरन्त बिभाग उन्हें फोन कर उसे बहाल करने को कहता है**

कई फतेहपुर से चले गए लेकिन उनकी मजदूरी का भुगतान नही हो पाया। कहा मजदूरी के भुगतान के लिए कई बार उन्होंने बिभागीय कार्यलय के भी चक्कर लगाए। लेकिन कोई राहत न मिली।

उन्होंने फिर एक बार मीडिया के माध्यम से विभागीय अधिकारियों से अपील की है कि उनके द्वारा किये गए कार्यों की मजदूरी का जल्द भुगतान किया जाए। अन्यथा उन्हें लिखित में सरकार के समक्ष अपनी समस्या रखनी पड़ेगी।

# कांग्रेस सरकार हर मोर्चे पर फेल: विनय

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

**भाजपा जिला** प्रवक्ता विनय शर्मा ने शनिवार को ऊना से जारी ब्यान में कहा कि आज प्रदेश मे कांग्रेस सरकार में पूरे प्रदेश में बेरोजगारी, अराजकता का महौल है। पूरा प्रदेश में आपदा से हाहाकार मची है और कांग्रेस सरकार की ओर से बंदर बांट चली है। कांग्रेस सरकार हर मोर्चे पर फेल हो गई है। कर्मचारियों पर दबाव डाल कर हारे नकारे कांग्रेस के नेताओं को जबरदस्ती मुख्य अतिथि बुलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आउटसोर्सिंग पर रखे हुए कमार्चारियों को नौकरी से निकाला जा रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस द्वारा दी गई कोई भी गारंटी पूरी नहीं हुई।

# 'आपदा प्रबंधन के तहत लोगों को जागरूक करने के लिए चलाया जाएगा अभियान'

**टीम एक्शन इंडिया/बिलासपुर/ कश्मीर ठाकुर**

**जिला बिलासपुर** में आपदा प्रबंधन के तहत जिला वासियों को जागरूक करने के लिए हिमाचल प्रदेश राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण द्वारा अन्तरराष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण दिवस के अवसर पर समर्थ-2023 अभियान प्रथम अक्तूबर से 15 अक्तूबर, 2023 तक चलाया जाएगा। यह जानकारी आज जिला राजस्व अधिकारी देवी राम ने आपदा प्रबंधन की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए दी। उन्होंने



बताया इसमें एक अक्टूबर से लेकर 9 अक्टूबर तक जिला स्तर के अधिकारियों की आपदा के जोखिम को कम करने के लिए कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा, गृह रक्षक अग्निशामक के द्वारा संयुक्त जिला स्तर पर लैंडस्लाइड, फ्लैश फ्लड, फ ायर सेफ्टी से संबंधित मॉक ड्रिल का आयोजन किया जाएगा। 1 अक्टूबर से 13 अक्टूबर तक लोगों को आपदा आपदा से सुरक्षित रहने के लिए नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जागरूक किया जाएगा।

# 'हमारे जीवन में पढ़ाई के साथ-साथ खेलों का भी विशेष महत्व'

**टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/ चमन शर्मा**

**ग्रामीण विकास** एवं पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने कहा कि हमारे जीवन में पढ़ाई के साथ-साथ खेलों का भी विशेष महत्व है और अभिभावकों को बच्चों को उनकी रूचि के अनुसार खेलों के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए ताकि बच्चों का सम्पूर्ण व्यक्तित्व का विकास सम्भव हो सके।अनिरुद्ध सिंह ने आज यहां राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ट माध्यमिक पाठशाला बल्देंया में चार दिवसीय अंडर-19 छात्राओं की मशोबरा जोन की खेल कूद प्रतियोगिता के समापन समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत



की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि इस खेल कूद प्रतियोगिता में वॉलीबॉल, कबड्डी, बैडमिंटन व योग स्पधाओं का आयोजन किया गया जिसमें 19 स्कूलों की 300 छात्राओं ने भाग लिया। अनिरुद्ध सिंह ने बताया कि वर्तमान राज्य सरकार घर द्वार पर गुणवत्ता युक्त शिक्षा उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध है और ग्रामीण क्षेत्र की छात्राओं का विशेष ध्यान शिक्षा क्षेत्र में रखा जा रहा है।

**बल्देंया स्कूल में अगले शैक्षणिक सत्र में वाणिज्य कक्षाएं होंगी आरम्भ**

कैबिनेट मंत्री ने राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ट माध्यमिक पाठशाला बल्देंया में अगले शैक्षणिक सत्र में वाणिज्य कक्षाएं आरम्भ करने की घोषणा की और मशोबरा में आईटीआई भवन और भव्य पुस्तकालय खोलने का भी आश्वासन दिया।

**संभव**

**8 खेलों के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए ताकि बच्चों का सम्पूर्ण व्यक्तित्व का विकास सम्भव हो सके**

# 'कांग्रेस ने रोजगार देने का वादा करके बेरोजगार किया युवाओं को'

**टीम एक्शन इंडिया/ ऊना/ राजन पुरी**

**प्रदेश भाजपा** उपाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर ने आउटसोर्स कर्मचारियों के मामले को लेकर प्रदेश कांग्रेस सरकार पर जुबानी हमला बोला है। शनिवार को ऊना के भाजपा कार्यालय में आयोजित की गई पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री ने कहा कि हिमाचल प्रदेश का हर वर्ग अपने आप को ठगा सा महसूस कर रहा है। कंवर ने कहा कि कांग्रेस ने सत्ता प्राप्ति के लिए लोगों से लोग लुभावने वादे तो जरूर किया लेकिन उनमें से एक को भी पूरा नहीं किया। पूर्व मंत्री ने कहा कि चुनाव से पूर्व दी गई 10



गारंटियों में कांग्रेस ने युवाओं को 5 लाख रोजगार देने का वायदा प्रमुखता से किया था। लेकिन प्रदेश में कांग्रेस को सत्ता संभाले 9 महीने का समय बीत चुका है। युवाओं को रोजगार तो क्या देना था, कांग्रेस ने धड़ाधड़ कर्मचारियों को निकाल कर बेरोजगारी के आलम में छोड? का काम जारी रखा है। उन्होंने कहा कि बेहद विकट परिस्थितियों में जान को जोखिम में डालकर कोविड-19 जैसे माहौल में सेवाएं देने वाले युवाओं केवल मात्र इसलिए नौकरी से निकाल दिया गया कि उन्हें पूर्व भाजपा सरकार के समय आउटसोर्स कर्मचारी के तौर पर सेवाएं देने के लिए रखा गया था। लेकिन भाजपा कांग्रेस के इस कदम का कड़ा विरोध करती है। इन परिस्थितियों में भाजपा पूरी तरह से निकाले गए कर्मचारियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। इस अवसर पर प्रदेश भाजपा के कार्यकारी सदस्य मनोहर लाल, कुटलैहड़ भाजपा अध्यक्ष चरणजीत शर्मा, जिला महामंत्री राज कुमार पठानिया सहित अन्य उपस्थित रहे।

# 33 केवी मैहतपुर फीडर की 25 को बिजली बंद

**टीम एक्शन इंडिया/ ऊना/ राजन पुरी।** 132, 66, 33 व 11 केवी उपकेंद्र ऊना में 33 केवी मैहतपुर फीडर की बिजली 25 सितंबर को पूर्ण रुप से बाधित रहेगी। जानकारी देते हुए विद्युत विभाग के सहायक अभियंता ई. दीपक कुमार ने बताया कि सोमवार को उपकेंद्र ऊना में 33 केवी मैहतपुर फीडरके जरुरी रख रखाव के चलते बिजली सुबह 10 से 2 बजे तक बंद रहेगी। उन्होंने बताया कि इस दौरान 33 केवी मैहतपुर फीडर के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों कर बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। ई. दीपक कुमार ने जनता से सहयोग की अपील की हैं।

# सुंदर सिंह ठाकुर ने की सांस्कृतिक समिति व प्लाट आवंटन समिति की बैठक

**टीम एक्शन इंडिया/ कुल्लू/ श्याम कुल्वी**

**मुख्य संसदीय** सचिव एवं अंतर्राष्ट्रीय कुल्लू दशहरा आयोजन की जिला स्तरीय समिति के अध्यक्ष सुंदर सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में गत दिवस को अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा सांस्कृतिक समिति व प्लाट आवंटन समिति की बैठक आयोजित की गई। उन्होंने कहा कि इस वर्ष 24 अक्टूबर से 30 अक्टूबर तक अंतर्राष्ट्रीय कुल्लू दशहरा ढालपुर में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि



इस दौरान दिन व रात्रि के समय आयोजित किए जाने वाले विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों को भव्यता प्रदान की जा रही है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय दशहरा को भव्यता प्रदान करते हुए दो स्थानों पर दिन के समय सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा।

# क्षेत्रीय फिल्मों के निर्माण पर बल दिया जाएगाः सीएम

## सिनेमा सांस्कृतिक और क्षेत्रीय जुड़ाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है

**टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/ चमन शर्मा**
**मुख्यमंत्री ठाकुर** सुखविंदर सिंह सुक्खू ने शुक्रवार सांय शिमला के 9वें अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव का शुभारम्भ किया। इस फिल्मोत्सव में 20 देशों और भारत के 22 राज्यों के फि ल्म निमार्ता भाग ले रहे हैं। 24 सितम्बर तक चलने वाले इस महोत्सव में संयुक्त राज्य अमेरिका, बेल्जियम, ईरान, कनाडा, चीन, चेक गणराज्य, तुर्की, नेपाल, मिस्र, बांग्लादेश, इटली, पोलैंड, अर्जेंटीना, स्वीडन, अफ गानिस्तान, आस्ट्रेलिया, फ्र ांस और दुबई के अंतर्राष्ट्रीय फिल्म निमार्ता अपनी फि ल्मों को प्रदर्शित करेंगे।इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह महोत्सव 20 देशों और पूरे भारत की संस्कृति, मूल्यों और कला का समागम है। उन्होंने कहा कि समाज को प्रतिबिम्बित करने में फि ल्मों की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। उन्हें जब अपने व्यस्त कार्यक्रम से समय मिलता है तो वह अवश्य फि ल्में देखते हैं। उन्होंने कहा कि दैनिक जीवन की व्यस्ताओं में फिल्में मनोरंजन उपलब्ध करवाने का एक साधन है। उन्होंने सिनेमा के महत्व पर बल देते हुए कहा कि फि ल्में एक दर्पण के रूप में कार्य करती हैं, जो समाज की विविधता, संस्कृति और मुद्दों को दशार्ती हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार राज्य में पहाड़ी भाषा और क्षेत्रीय फिल्मों को प्रोत्साहन प्रदान करने के लिए प्रयासरत है।



# 'सुंदरनगर सिविल हॉस्पिटल में बेहतर सुविधाएं प्रदान करे सरकार'

**टीम एक्शन इंडिया/ मंडी/ खेमचंद शास्त्री**
**हिमाचल प्रदेश** में प्रदेश सरकार लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने के लिए तेजी से काम करे। यह बात सुंदरनगर के विधायक राकेश जम्वाल ने विधानसभा सत्र के दौरान कही। राकेश जम्वाल ने अपने विधानसभा क्षेत्र सुंदरनगर सिविल अस्पताल का मामला उठाते हुए कहा कि प्रदेश सरकार रोबोटिक सर्जरी की बात कर रही है जो प्रदेश सरकार का एक अच्छा कदम है लेकिन प्रदेश के विधानसभा क्षेत्र में एक ऐसा हॉस्पिटल होना चाहिए जहां लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सके। राकेश जम्वाल ने पॉइंट ऑफ ऑर्डर के तहत पूछे गए सवाल में प्रदेश सरकार से पूछा कि सुंदरनगर सिविल अस्पताल में अल्ट्रासाउंड मशीन को चलाने के लिए एक तकनीशियन व डॉक्टर कब मुहैया करवाया जाएगा। इसके अलावा नेरचौक में बीते पांच माह पहले दुर्घटनाग्रस्त हुई लाइफ स्पोर्टिंग



एम्बुलेंस को अब तक ठीक क्यों नहीं करवाया गया है जबकि नेरचौक से चंडीगढ़ जाने के लिए एक मरीज को 30 से 35 हजार रुपए खर्च करने पड़ते हैं। उन्होंने प्रदेश सरकार से इस एम्बुलेंस को जल्द ठीक करने की मांग की है। राकेश जम्वाल ने सदन में पूछा कि सुंदरनगर सिविल हॉस्पिटल परिसर में डॉक्टरों व अस्पताल स्टाफ के लिए 10 करोड़ की लागत से रेजिडेंस बनाया जा रहा है लेकिन कुछ महीनों से इसका कार्य बन्द पड़ा हुआ है।बताया जा रहा है कि बजट न होने के चलते यह कार्य रुका हुआ है। उन्होंने सरकार से पूछा कि कब कार्य के लिए बजट मुहैया करवाया जाएगा ताकि इमरजेंसी में मरीजों के लिए डॉक्टर उपलब्ध हो सकें। राकेश जम्वाल ने कहा कि पूर्व की जयराम ठाकुर की सरकार के समय कोरोना काल में स्वास्थ्य संस्थानों को बेहतर करने का काम किया जिसमें सुंदरनगर सिविल अस्पताल में भी सुविधाओं को बढ़ाया गया है। कोरोना काल में यहां पर ऑक्सीजन प्लांट खोला गया ताकि मरीजों को ऑक्सीजन की कमी न हो। इसके अलावा अस्पताल में किडनी के मरीजों के लिए सुविधा प्रदान करने के लिए डायलिसिस की सुविधा प्रदान की गई। इसके अलावा आंखों के ऑपरेशन के लिए फेको तकनीक की सुविधा प्रदान की गई ताकि लोगों आंखों के इलाज के लिए कांगड़ा या निजी अस्पताल में न जाना पड़े।

## 24 सितम्बर को अटल सदन में होगा नाटक भगवदज्जुकम का मंचन

**टीम एक्शन इंडिया/ कुल्लू/ श्याम कुल्वी। जिला प्रशासन** कुल्लू, भाषा कला एवं संस्कृति विभाग विभाग कुल्लू तथा जिला लोक सम्पर्क विभाग कुल्लू के सहयोग से रंगप्रिया थिएटर सोसाइटी मुख्यमंत्री आपदा राहत कोष के प्रति एक सहयोग हेतु 24 सितम्बर, 2023 को अटल सदन अंतरंग सभागार में शाम 5 बजे महाकवि बोधायन कृत नाटक भगवदज्जुकम का मंचन करने जा रही है। इस नाटक का अनुवाद नेमिचंद्र जैन द्वारा किया गया है।संस्था की अध्यक्ष रुचिका शर्मा ने नाटक से सम्बंधित जानकारी साझा की। उन्होंने जिला वासियों से अधिक से अधिक संख्या में नाटक का आनंद उठाने के लिए अटल सदन आने का आग्रह किया साथ ही इस आपदा की घड़ी में आर्थिक सहयोग का आग्रह किया। ताकि आप द्वारा दी गई राशि को मुख्यमंत्री आपदा कोष में जमा कर आपदा पीड़ितों को प्रदान की जा सके।

## दि हमीरपुर उपभोक्ता संरक्षण संगठन की हुई मासिक बैठक



**टीम एक्शन इंडिया/ हमीरपुर/ विवेकानंद वशिष्ठ**
**दि हमीरपुर** उपभोक्ता संरक्षण संगठन जिला हमीरपुर की मासिक बैठक गत दिवस को जिलाध्यक्ष पुरुषोत्तम कालिया की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक का संचालन महासचिव मनोहर लाल कानूनगो ने किया। सर्वप्रथम पिछली बैठक में लिए गए निर्णयो पर समीक्षा की तथा उपस्थित सदस्यों को प्रगति रिपोर्ट से अवगत करवाया।इस बार भारी बरसात के कारण प्रदेश में आपदा आई है जिस वाले हिमाचल विधानसभा में माननीय मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुखु के नेतृत्व में राष्ट्रीय आपदा प्रदेश में लागू करने के लिए प्रस्ताव पारित किया है। संगठन इस प्रस्ताव का पुरजोर समर्थन करता है और मुख्यमंत्री के माध्यम से केंद्र सरकार से इसे राष्ट्रीय आपदा घोषित करने के लिए आग्रह करता है ताकि प्रभावित उपभोक्ताओं को समुचित राहत मिल सके। बरसात का मौसम लगभग अंतिम चरण में है व इस बार भारी बरसात में सडकों के किनारे पूर्णतया टूट गये हैं जिससे पक्का गोला ऊपर हो गया है और किनारे नीचे बैठ गए हैं, जिससे दोपहिया वाहनों को चलाने के लिए कठिनाई पेश आ रही है। आए दिन छोटी-मोटी दुर्घटनाएं पास देते समय हो रही हैं। इसके अतिरिक्त सडकों के किनारे झाडि?ां घास इत्यादि भी बढ़ गए हैं जिनकी कटाई करना अनिवार्य है। अतः लोक निर्माण विभाग इस संबंध में अभिलंब कार्रवाई अमल में लाये। संगठन की बैठक में माननीय सदस्यों ने यह मांग की कि प्रदेश के सभी मेडिकल स्टोर में अन्य दवाइयां की भांति जेनेरिक दवाइयां भी उपलब्ध करवाई जाए। इस बारे जेनेरिक दवाइयां विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा अनुमोदित की जाए। जिला आयुर्वेदिक अस्पताल में पूर्व में वरिष्ठ नागरिकों के जो टेस्ट रेडक्रॉस से निशुल्क होते थे उन्हें पुन आरंभ करने वाले जिलाधीश से संगठन अनुरोध करता है।

# आपदा से गिरे पेड़ों को अतिशीघ्र उठाएगी वन निगम : केहर सिंह खाची

**टीम एक्शन इंडिया/ हमीरपुर/ विवेकानंद वशिष्ठ**
**हिमाचल प्रदेश** राज्य वन विकास निगम के उपाध्यक्ष केहर सिंह खाची ने कहा है कि इस मॉनसून सीजन में प्रदेश में आई भीषण आपदा से जगलों और वनभूमि का भी भारी नुक्सान हुआ है। वन निगम ने आपदा से गिरे पेड़ों को अतिशीघ्र उठाने के लिए तत्परता के साथ कार्य करते हुए इसकी प्रक्रिया आरंभ कर दी है।

**वन मंडल हमीरपुर में चिह्नित 21 हजार पेड़ों की टेंडर प्रक्रिया आरंभ होगी**

शनिवार को नादौन के विश्राम गृह में पत्रकारों से बातचीत के दौरान केहर सिंह खाची ने बताया कि वन मंडल हमीरपुर में भी वन विभाग ने लगभग 21 हजार पेड़ चिह्नित करके निगम को सौंप दिए हैं। इन्हें उठाने के लिए निगम ने टेंडर प्रक्रिया आरंभ कर रही है। खाची ने बताया कि वह निगम के बिलासपुर, हमीरपुर और कांगड़ा डिवीजन का तीन दिवसीय दौरा करके स्वयं स्थिति का जायजा ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने हिमाचल को आत्मनिर्भर बनाने के लिए जलए जंगल और पर्यटन के रूप में तीन महत्वपूर्ण क्षेत्र चिह्नित किए हैं। मुख्यमंत्री के निदेर्शानुसार वन निगम जंगलों में सूखे और गिरे पेड़ों के सदुपयोग की दिशा में तत्परता के साथ कार्य कर रही है और कुछ महीनों में ही इसके सकारात्मक परिणाम सामने आने लगे हैं। खाची ने बताया कि इस अवधि के दौरान निगम के शुद्ध लाभ में उत्साहजनक वृद्धि दर्ज की गई है और आने वाले समय में इसे एक बड़े कमाऊ उपक्रम के रूप में विकसित करने की दिशा में तेजी से कार्य किया जा रहा है। लगभग 8 महीनों में ही निगम ने करोड़ों का शुद्ध लाभ अर्जित किया है। इस दौरान बिलासपुर की बिरोजा फैक्टरी और निगम के विभिन्न डिवीजनों की आय में अच्छी बढ़ोतरी हुई है। उन्होंने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय के फैसले के बाद प्रदेश के निचले क्षेत्रों में खैर का कटान शुरू करने के लिए भी आवश्यक प्रक्रिया आरंभ कर दी गई है। कई स्थानों पर पेड़ों की मार्किंग भी हो चुकी है।

इससे प्रदेश का राजस्व बढ़ेगा तथा इन क्षेत्रों के लोग लाभान्वित होंगे। खाची ने कहा कि जुलाई में भारी बारिश के कारण ऊपरी क्षेत्रों में सडकें अवरुद्ध होने से ऐसा लग रहा था कि इस बार बागवानों का सेब बाजार तक नहीं पहुंच पाएगा, लेकिन प्रदेश सरकार ने तत्परता दिखाते हुए सभी सडकों को रिकॉर्ड समय में बहाल करवाया और सभी बागवानों का सेब मंडियों तक पहुंचाया। उन्होंने कहा कि ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने प्रदेश के हर वर्ग के लिए कई ऐसी योजनाएं आरंभ की हैं, जिसकी सभी सराहना कर रहे हैं। विशेषकर, बेसहारा बच्चों को चिल्ड्रन ऑफ स्टेट का दर्जा देकर मुख्यमंत्री ने देशभर में एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है।



# देव विदाई के साथ हुआ मिथनु सौह मेला सम्पन्न

**टीम एक्शन इंडिया/ कुल्लू/ श्याम कुल्वी**
**खण्ड आनी** के सुप्रसिद्ध एंव ऐतिहासिक देवता भगवान वेदव्यास कुंईरी महादेव अपने तीन गढ सात हार के दौरे पर है बुधवार को व्यास ऋ षि कुंईरी सिसरी मेले के अंतिम दिन लाव लश्कर सहित हजारों देवलों संग अपने मूल स्थान जलोडी गढ के शाठकी कैंद हार झरौणवी स्थित कैंद गांव पहुंचे। जंहा पर जगह जगह कूर भरकर धाम के साथ नाटियों का भव्य आयोजन किया गया। क्षेत्र के निवासी आशीष शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि झरौणु स्तिथ मिथनु सौह में प्राचीन परंपरा को कायम रखते हुए 12 साल बाद दो दिवसीय मिथनु मेला धूमधाम से मनाया गया। मेले में भगवान वेदव्यास कुंईरी महादेव, महाकालेश्वर कोट भझारी समेत देवता चोतरू नाग जी शोधा ने शिरकत की। इस दौरान सभी देवों ने एक दूसरे को गले लगाकर मेल-जोल का भव्य नजारा प्रस्तुत किया। घने जंगलों के बीच प्राकृतिक छटा बिखेरता झरौणू स्तिथ मिथनु सौह स्थान सभी को अपनी ओर आकर्षित करता है ।क्षेत्र के सैंकड़ों लोग ने मेले का लुत्फ उठाया। क्षेत्रवासियों ने कुल्लवी चोला कल्लगी व महिलाओं ने रंग-बिरंगी पटू में सजकर दोपहर बाद, एक सामूहिक विशाल नाटी का आयोजन किया गया। नाटी ने बेटी बचाओ, महिला सशक्तिकरण समेत आपसी भाईचारे का संदेश दिया।



## छात्राओं ने हिमालयन ग्रुप कालाअंब के खिलाफ डीसी को शिकायत की



**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**
कालाअंब स्थित विख्यात शिक्षण संस्थान हिमालयन ग्रुप ऑफ प्रोफेशनल इंस्टीट्यूट एक बार फि र विवादों में है। यहां छात्राओं ने संस्थान पर स्कॉलरशिप के नाम पर मोटी फ ीस ऐंठने के आरोप लगाए हैं। फ ीस न देने की सूरत में छात्राओं को परीक्षा से वंचित रख प्रताड़ित किया जा रहा है। मामले को आज संबंधित छात्राओं ने डीसी सिरमौर सुमित खिमटा के समक्ष उठाया है। जिसमें संस्थान की कार्यप्रणाली पर सवाल या निशान खड़े करते हुए छात्राओं ने न्याय की गुहार लगाई है। मीडिया से रूबरू हुई हिमालय संस्थान की नर्सिंग छात्राओं ने बताया कि जब उन्होंने संस्थान में दाखिला लिया तो उन्हें स्कॉलरशिप पर शिक्षा प्रदान करने की बात कही थी। उस दौरान 8-8 ब्लैंक चेक छात्राओं से साइन करवा कर लिए गए। लेकिन अब संस्थान उनसे यहां किए गए नर्सिंग कोर्स की फ ीस देने का दबाव बना रहा है।उन्होंने बताया कि वह संस्थान के चेयरमैन समेत सभी अधिकारियों से मिलकर समस्या का समाधान करने की गुहार लगा चुके हैं। लेकिन संस्थान लिखित तौर पर फ ीस देने का दबाव बना रहा है और फ ीस न देने पर अब नर्सिंग छात्राओं को परीक्षा से वंचित रखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि वह बहुत गरीब परिवार से आती है फ ीस देने में असमर्थ हैं। स्कॉलरशिप के चलते उन्होंने अपनी पढ़ाई आगे बढ़ाने की कोशिश की थी। लेकिन अब संस्थान की मनमानी छात्राओं के भविष्य पर भारी पड़ रही है।

# 'दुखियों को खुशी देना ही वर्तमान में सबसे बड़ा परोपकार'

**टीम एक्शन इंडिया/ बिलासपुर/ कश्मीर ठाकुर**
**मौजूद परिस्थितियां** दिन प्रतिदिन विपरीत होती जा रही हैं, पल का भरोसा तक नहीं है, फि र भी इस जीवन को जीने के लिए संघर्ष करना ही पड़ता है, ऐसे में जो लोग उम्र के इस पड़ाव में दुखी हैं, यदि उनको कुछ क्षणों की खुशी मिल जाए तो सबसे बड़ा पुण्य यही है। यह बात राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला में राजनीति शास्त्र में प्रवक्ता पद पर सेवाएं दे रही पूनम ने अपना जन्मदिन वृद्धाश्रम के सदस्यों से मनाते हुए कही। पूनम ने बताया कि हमारे समाज में यह चिंतन करने का विषय है कि आज वृद्धाश्रमों की क्या जरूरत आन पड़ी है। पाषाण हो चुकी मानवता ऐसे दृश्य दिखाकर समाज को आईना तो दिखाती है लेकिन ऐसे मामले निरंतर उजागर हो रहे हैं। पूनम ने बताया कि अपने परिवार के साथ अक्सर जन्मदिन या अन्य खुशियों को सांझा किया जाता है लेकिन वृद्धाश्रम के सदस्यों के साथ इस खुशी को सांझा कर आत्मा का संतुष्टि प्रदान करने जैसा अनुभव रहा। उन्होंने कहा कि यह वृद्ध आसमान से नहीं टपके हैं, यह हमारे समाज का अहम हिस्सा है, लेकिन वक्त और हालातों के मारे हुए इन बुजुर्गों को यदि इनके अपनों ने सहारा नहीं दिया है और उम्र के इस पड़ाव में दर-दर की ठोकरें खाने पर मजबूर कर दिया है तो शिक्षित और विवेकशील समाज का कर्तव्य बनता है कि इन लोगों को खुशी देने के लिए आगे आएं। यह खुशी यदि साथ बैठकर दो बातें करने से मिलती हैं तो यह सर्वोपरी होगा, यदि समय अभाव हो तो इस वृद्धाश्रम के संचालन में दान भी किया जा सकता है।

वहीं बुजुर्गों के साथ शिक्षिका पूनम ने बाकायदा केक काटा और बुजुर्गों ने उन्हें अपने हाथों से केक खिलाया तथा जी भर के आशीर्वाद दिया। सभी बुजुर्गों ने खूब खाया पिया और मस्ती की। संगीत की धुनों पर थिरकते बुजुर्गों का गम भले ही कुछ देर के लिए कम हुआ हो लेकिन सुखद यही है।



## मंडी में मनाया गया विजय दिवस

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**
हिमाचल प्रदेश एक्स सर्विस लीग मंडी द्वारा शनिवार को मंडी के शहीद स्मारक में 1965 भारत-पाक युद्ध का 58 वां विजय दिवस मनाया गया। इस दौरान पूर्व सैनिकों द्वारा 1965 में शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि दी गई। कर्नल केके मलहोत्रा ने बताया कि भारत-पाकिस्तान के बीच वर्ष 1965 की लड़ाई में भारतीय जवानों ने बड़ी दिलेरी का परिचय दिया। सीमित संसाधनों के बावजूद स्ट्रेटजी बनाकर पाकिस्तान के लाहौर से कुछ मील पहले डोगराई शहर पर कब्जा कर लिया था। इस युद्ध में 3 बटालियन जाट रेजीमेंट का बड़ा योगदान था। भारत के 500 सैनिक 18 दिन तक पाकिस्तान के डोगराई शहर में मौजूद 9000 सैनिकों पर ऐसे टूटे कि वे मैदान छोडकर ही भाग खड़े हुए। 6 सितंबर 1965 की इस घटना को 58 साल बीतने पर भी उस युद्ध में शामिल सैनिक भुला नहीं सके हैं। इस युद्ध में भारत के 5 सैन्य अधिकारीए 1 जेओसीए 76 जवान शहीद हुए थे। जबकि 182 जवान जख्मी हुए थे, पर पाकिस्तान के 372 जवान मार गिराए और 106 बंदी बना लिए थे। उन्होंने कहा कि आज सभी शहीद जवानों को हिमाचल प्रदेश एक्स सर्विस लीग मंडी ने नमन किया हैं।

# राजकीय कन्या विद्यालय की छात्रा ने कुश्ती प्रतियोगिता में जीता स्वर्ण पदक

## 33 किलोग्राम भार में स्र्वणपदक जीतकर चमकाया अपने जिला तथा स्कूल का नाम

**टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद**
**राजकीय कन्या** विद्यालय चंबा की छात्रा महिमा शर्मा ने राज्य स्तरीय अंडर-14 कुश्ती प्रतियोगिता में 33 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर न केवल अपने स्कूल का बल्कि पूरे जिले का नाम रोशन किया है। यह कारनामा महिमा शर्मा ने मंडी जिला के सुंदर नगर में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में 33 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल कर किया तथा उसका चयन अब राष्ट्रीय स्पर्धा के लिए हुआ है। अब महिमा नेशनल खेलने के लिए हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेगी। इस बात की जानकारी देते हुए स्कूल के प्रधानाचार्य विकास महाजन ने बताया कि यह कन्या विद्यालय के लिए बहुत ही गौरव में क्षण है जिससे आने वाले कई खिलाडियों को हौसला मिलेगा। उन्होंने इसका पूरा श्रेय विद्यालय के शारीरिक शिक्षक तथा राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त कुश्ती कोच मोहम्मद आजम शेख को दिया है। वही महिमा शर्मा ने भी अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता.पिता गुरुजनों खास कर उसके कुश्ती के कोच मोहम्मद आजम शेख को दिया है।



# दबाए गए शिशु का शव निकाला, पोस्टमार्टम खोलेगी मौत का राज

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**
सिरमौर जिला के संगड़ाह पुलिस थाना के अंतर्गत आने वाले गांव पोलोइला में 2 दिन पहले दबाए गए महज अढ़ाई महीने के शिशु का शव निकाले जाने का अपनी तरह का पहला मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गया है। शुक्रवार को शिशु को कब्र से निकाले जाने के दौरान पालर पंचायत के इस गांव के काफी लोग भी घटनास्थल पर पहुंचे। मायके वालों व स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार 2 दिन पहले संगड़ाह सीएचसी में इलाज के दौरान शिशु को मृत घोषित किया था। इसकी सूचना उन्होंने फोन पर शिकायतकर्ता पिता को देने की भी बात कही। मायके वालों के अनुसार उन्होंने एसडीएम व पुलिस अधिकारियों को बच्चे का संगड़ाह के अलावा नाहन व चंडीगढ़ के सरकारी अस्पतालों में इलाज चलने के दस्तावेज दिखाते हुए बीमारी से उसकी मौत होने की बात भी बताई थी। जानकारी के अनुसार मौत के दूसरे दिन गुरुवार को शिशु के पिता सोलन जिला के कोटला गांव के 33 वर्षीय देवेंद्र कश्यप पुत्र हेमाराज ने पुलिस थाना संगड़ाह में मायके वालों द्वारा बच्चे को मारने की आशंका संबंधी शिकायत दर्ज करवाई थी। एसडीएम संगड़ाह सुनील कायथ के अनुसार नियमानुसार मामले की जांच व पोस्टमार्टम के लिए पुलिस को शिशु का शव निकालने की अनुमति दी गई।

गुरुवार को सूर्यास्त के चलते शव नहीं निकाला जा सका और शुक्रवार को उक्त कार्रवाई की गई। संगड़ाह अस्पताल में मौजूद स्वास्थ्य अधिकारी ने इसे पोस्टमार्टम के लिए नाहन मेडिकल कॉलेज रेफ र किया। कल शनिवार को पोस्टमार्टम के बाद ही मौत के असली कारणों का पता लग पाएगा। उसके बाद ही पुलिस की जांच आगे बढ़ेगी। सोलन के देवेंद्र व संगड़ाह उपमंडल के पोलोइला गांव की उनकी पूनम के साथ शादी हुई थी, बताते है कि कुछ दिनों के बाद दोनों लड़ाई होती रहती थी। जिसके चलते झगड़े के बाद पूनम काफी अरसे से अपने मायके में रह रही थी। बताया जा रहा है कि पूनम द्वारा उस पर खर्चे व घरेलू हिंसा संबंधी मामला दर्ज करवाया गया है।

देवेंद्र के अनुसार वह शूलिनी विश्वविद्यालय में काम करता हैं और बिना उसकी मर्जी के मायके में रह रही पूनम पर उसने भी केस किया है। मायके वालों से फ ोन पर बच्चे की मौत की सूचना मिलते के बाद उन्होंने पुलिस थाना संगड़ाह पहुंचकर हत्या की आशंका संबंधी शिकायत दर्ज करवाई।



